## खबर संक्षेप

### अब मंत्री के आदेश से सड़क के साथ बनेगी नाली

**मैहर में विकास को मिला नया आयाम**

**मैहर।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के मैहर दौरे के दौरान विकास कार्यों को लेकर अहम पहल सामने आई। मैहर घंटाघर से देवी जी तक रोड बन रही सड़क में नाली निर्माण शामिल नहीं था,जिसे लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी और सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने गंभीरता दिखाई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने मौके पर ही मंत्री राकेश सिंह से नाली निर्माण की मांग रखी। इस पर मंत्री ने तत्परता दिखाते हुए पीडब्ल्यूडी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर से सीधे बात की और नाली निर्माण को भी योजना में शामिल करने पर सहमति दिलवाई जिसकी लागत करीब डेढ़ करोड़ रुपये की बताई गई है। इस फैसले से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है,क्योंकि बिना नाली के सड़क निर्माण से जलभराव की समस्या बनी रहती। इसी दौरान मंत्री राकेश सिंह सपरिवार मैहर पहुंचे जहां माँ शारदा देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच पूरा माहौल भक्ति से सराबोर नजर आया। मंत्री के दौरे ने न सिर्फ आस्था का संदेश दिया,बल्कि अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने की दिशा में भी ठोस पहल की, जिससे मैहर के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

### सतना जिले में महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ.सतीश कुमार एस द्वारा महावीर जयंती के अवसर पर अवकाश में परिवर्तन का आदेश जारी किया गया है। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल की अधिसूचना के अनुपालन में तथा स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पहले 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश को संशोधित कर अब 30 मार्च (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 31 मार्च (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं सामान्य रूप से खुली रहेंगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### जिला सलाहकार समिति की बैठक 31 मार्च को

**सतना।** गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी एण्ड पीएनडीटी) के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक 31 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सतना में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है।

### आरोपियों की निशानदेही पर 28 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए

# ऑटो में यात्रियों को निशाना बनाने वाली महिलाएं गिरफ्तार

**मैहर।**

मैहर जिले में ऑटो रिक्शा के जरिए यात्रियों को निशाना बनाने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश हुआ है।अमरपाटन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सिवनी जिले की निवासी मां-बेटी और उनके साथ मिले एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है।







आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए करीब 4 लाख रुपये के सोने के जेवरात और वारदात में प्रयुक्त 2 लाख रुपये का ऑटो जब्त किया गया है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद शनिवार को तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 11 मार्च की है,जब कठहा निवासी साधना तिवारी 42 वर्ष अपनी बेटी के साथ रीवा से अमरपाटन पहुंची थीं। कठहा मोड़ पर उतरने के बाद वे घर जाने के लिए एक ऑटो में सवार हुईं।उस ऑटो में पहले से दो महिलाएं (आरोपी मां-बेटी) बैठी थीं,रास्ते में धमना गांव के पास ऑटो चालक ने फोन आने का बहाना बनाया और साधना तिवारी को बीच रास्ते में ही उतार दिया। जब महिला घर पहुंची, तो उन्हें अपने बैग की चेन खुली मिली और अंदर रखा कीमती गहनों वाला पर्स गायब था।

#### चोरी गए सामान की सूची:

पर्स में सोने के कंगन,अंगूठी,दो चैन,मंगलसूत्र,दो जोड़ी झुमके,बाली और 5 हजार रुपये नकद शामिल थे।

#### सीसीटीव्ही फुटेज और ट्रैफिक नंबर से खुला राज

थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सघन जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को एक महत्वपूर्ण फुटेज हाथ लगा,जिसमें ऑटो का ट्रैफिक नंबर 194 स्पष्ट दिखाई दिया। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने 24मार्च को घेराबंदी कर ऑटो को पकड़ा,जिसमें चालक सहित दोनों संदिग्ध महिलाएं मौजूद थीं।

#### आरोपियों की पहचान और बरामदगी

कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया गिरफ्तार किए गए आरोपियों मेंसविता सेंडे 50 वर्ष निवासी जिला सिवनी (मां) वंदना सेंडे 30 वर्ष निवासी जिला सिवनी (बेटी) शामिल है। प्रभाकर कुशवाहा 21 वर्ष निवासी उदयपुर,मैहर (ऑटो चालक) पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 28 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं। ऑटो चालक को पहले ही जेल भेजा जा चुका था,वहीं मां-बेटी को 5 दिन की पुलिस रिमांड के बाद शनिवार को न्यायालय में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

#### इनकी रही मुख्य भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में एसआई सुशील तिवारी,प्रधान आरक्षक विजय शर्मा,रीता सिंह,लक्ष्मी पटेल,शिवेश कुमार,आरक्षक सुरजीत सिंह,रावेन्द्र मिश्रा,उत्कर्ष वर्मा,अनूप सिह और सिधुजा पयासी का विशेष योगदान रहा। प्रभाकर कुशवाहा (21) निवासी उदयपुर,मैहर (ऑटो चालक) पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 28 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं.ऑटो चालक को पहले ही जेल भेजा जा चुका था,वहीं मां-बेटी को 5 दिन की पुलिस रिमांड के बाद शनिवार को न्यायालय में पेश कर सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

## गर्मी का पारा हाई! गर्मी से बेहाल हुए लोग, क्या बारिश दिलाएगी राहत?



**सतना।** सूरज के तेवर तीखे हो गए हैं। रविवार को अधिकतम तापमान 38.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जिसने मार्च की गर्मी का अहसास करा दिया है। दिन भर उमस और गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान रहे। अधिकतम तापमानः 38.2C और न्यूनतम तापमानः 21.4C रहा। हवा में नमीः 44% से 23% तक रहा। चिलचिलाती धूप के बीच अच्छी खबर यह है कि आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार,आने वाले घंटों में बारिश की संभावना बनी हुई है। यदि मेघ मेहरबान हुए,तो तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

**आज से 4 दिन आंधी-बारिश का दौर,मौसम विभाग का अलर्ट**

मध्य प्रदेश में अगले 4 दिनों तक मौसम का मिजाज बदलने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी,बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। 38-31 मार्च को आधे हिस्से में अलर्ट। इस दौरान 48 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की भी आशंका जताई गई है। मुख्य रूप से उज्जैन,ग्वालियर,चंबल,सागर,रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में इसका प्रभाव अधिक रहेगा। प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों (ग्वालियर,उज्जैन) में आज से ही सिस्टम सक्रिय है,सतना सहित पूर्वी मध्य प्रदेश में इसका असर कल से दिखने की संभावना है। मौसम विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे कटी हुई फसल (विशेषकर गेहूं और चना) को सुरक्षित स्थानों पर रखें ताकि ओलावृष्टि और बारिश से नुकसान न हो।

## मन की बात में गूंजे विकास के स्वर,मंगल कुटी में सामूहिक श्रवण कर लोगों ने ली प्रेरणा

**मैहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बातका वार्ड क्रमांक 05 स्थित मंगल कुटी में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी के निज निवास पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया।अइस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी,सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी,संजय जाधवनी, छोटू मैनी,अखिल गोयल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और देशहित में किए जा रहे कार्यों एवं जनभागीदारी पर आधारित संदेशों से प्रेरणा प्राप्त की। इस दौरान उपस्थितजनों ने मन की बात को समाज में सकारात्मक बदलाव और जागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया।

# स्टेशन रोड सराय मोहल्ला में शराब के अड्डे में पुलिस का छापा

**बड़ी कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त**

**मैहर।**



मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में पुलिस ने अवैध शराब दुकान पर दबिश देकर 30 पेटी से अधिक गोवा,बियर,देसी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। मौके से रिकू बर्मन व उसका साथी गिरफ्तार किए गए है पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टेशन रोड स्थित सराय मोहल्ला में एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम शराब बेची जा रही थी। इस शराब बिक्री की शिकायतें पुलिस को मिल रही थी। आज पुलिस के द्वारा दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर शराब के अड्डे में छापेमारी की जा रही हैं। हांलाकि अभी साफ स्पष्ट नहीं है कि कितनी मात्रा में शराब पकड़ी गई है। बताया जाता है कि सराय मोहल्लें में शराब के साथ गांजा एवं सट्टे का कारोबार धड़ल्ले से होता है।

# 1 अप्रैल को पूरे देश मे काला दिवस मनाएंगे दवा प्रतिनिधि

**सतना।** दवा प्रतिनिधियों की आम सभा का आयोजन स्थानीय महामाया होटल में आयोजित किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि एमपीएमएसआरयू के प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजय सिंह तोमर एवं प्रादेशिक उपाध्यक्ष कॉम सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे। इस सभा का संचालन सतना इकाई के अध्यक्ष कॉम राकेश सिंह परिहार ने किया एवं इकाई सचिव कॉम जितेंद्र मिश्रा ने दवा प्रतिनिधियों पर हो रहे लगातार हमले के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं कैडिला,हिमालया,जुपिटर,कोरोना दवा कंपनियों द्वारा अपने कामगारों को किस तरह से प्रताड़ित कर रही है उसकी जानकारी दी। राज्य उपाध्यक्ष कॉम सौरभ मिश्रा ने अपने उद्बोधन में 13 से 15 फरवरी तक भुवनेश्वर में हुई जनरल काउंसिल मीटिंग में मुख्य 9 बिंदुओं पर चर्चा की जिसमें डेमोक्रेटिक मूवमेंट,मेडिसिन, काउंसिल,लेबर, संबंधित मुद्दों के साथ महिला दवा प्रतिनिधियों पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि एफएमआरएआई ही देश की इकलौती संस्था है जो जनहित के मुद्दों पर लड़ती आई है जिसने



आवश्यक दवाओं पर जी इस टी घटाने की मांग की और 18% से 5% पर लाने में सफलता हासिल की। प्रदेश अध्यक्ष कॉम संजय सिंह तोमर ने बताया कि आज से 50 वर्ष पहले सेल्स प्रमोशन एम्पलाइज एक्ट 1976 को लागू किया गया था जो दवा प्रतिनिधियों की नौकरी की शर्तों,काम के घंटे,छुट्टियों,नौकरी की सुरक्षा के लिए बनाया गया था,लेकिन वर्तमान सरकार ने 21 नवंबर 2025 को 4 श्रम संहिताओं में सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज एक्ट को बेहद कमजोर कर दिया है, जिसके कारण न सिर्फ नौकरी की सुरक्षा कमजोर हुई बल्कि फिक्स टर्म एम्प्लॉयमेंट लाकर 11 महीने का रोजगार का नया नियम लागू कर दिया। कॉमरेड तोमर ने बताया कि आगामी 1 अप्रैल को पूरे देश के मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव चार काली श्रम संहिताओं के खिलाफ काला दिवस मनाया जाएगा,क्योंकि केंद्र सरकार 1 अप्रैल 2026 से इन कानूनों को लागू करने जा रही है। इकाई कोषाध्यक्ष कॉम प्रशांत केसरवानी ने सभी साथियों से इकाई की सदस्यता लेने की अपील की,इकाई उपाध्यक्ष कॉम रणवीर सिंह ने आईडी कार्ड बांटकर सभी सदस्यों से पहनने की अपील की गई। इस सभा में सतना इकाई सहसचिव कॉम जितेंद्र पांडे, कार्यकारणी कॉम अंचल सिंह,आनंद सिंह,संतोष पटेल,अंकुश मिश्रा,अखिलेश सैनी, आलोक सिंह,स्नेह सोनी,शुभम पांडे,एवं नव निर्वाचित कार्यकारणी उमेश बघेल के साथ वरिष्ठ साथी कॉम आर बी सिंह,दीपक पांडे, रमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, आशीष कुशवाहा,विजय कनोजिया, सत्येंद्र परिहार के साथ कई सदस्य शामिल रहे।

# श्रीमद्भागवत महापुराण कथा आज से, 6 अप्रैल को भंडारा



**सतना।** शहर के हनुमान नगर नईबस्ती क्षेत्र में 30 मार्च 2026 से 5 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा व्यास के रूप में पं.विनोद कृष्ण जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन,मथुरा) भक्तों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजनकर्ता कसौधन वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष केशरी प्रसाद गुप्ता एवं गुप्ता परिवार द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम की शुरुआत 30 मार्च,सोमवार को सुबह 10 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक कथा पाठ एवं सायं 4 बजे से कथा प्रवचन आयोजित होंगे।कथा में ध्रुव चरित्र,प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार,श्रीकृष्ण जन्मोत्सव,गोवर्धन लीला,रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का वाचन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम स्थल सिद्धि विनायक मैरिज गार्डन,केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 के सामने, ट्रांसपोर्ट नगर निर्धारित किया गया है।

### पूर्व विधायक स्व. यादवेंद्र सिंह को उप मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**सतना।** पूर्व विधायक स्व.यादवेंद्र सिंह के निधन पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सतना जिले के कचनार ग्राम स्थित उनके निवास पहुंचे,जहां उन्होंने स्व.यादवेंद्र सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व.यादवेंद्र सिंह का निधन समाज और क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेन्द्र सिंह,जितेंद्र सिंह,अरुण सिंह,बालेंद्र गौतम सहित परिजन और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग मंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

**मैहर।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# चित्रकूट के पूर्व विधायक गणेश बारी पंचतत्व में विलीन, क्षेत्र में शोक की लहर

**सतना।**

*चित्रकूट विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और क्षेत्र के लोकप्रिय नेता गणेश बारी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। रविवार को उनके पैतृक ग्राम बारेन टोला में राजकीय सम्मान और गमगीन माहौल के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा।*

*गणेश बारी का जीवन सादगी और संघर्ष की मिसाल रहा। एक बेहद साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने राजनीति के शिखर तक का सफर तय किया और चित्रकूट के विधायक के रूप में जनता की सेवा की। बताया गया है कि वह पिछले काफी समय से किडनी,हृदय रोग और शुगर जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। 28 मार्च की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। बारी जी की अंतिम यात्रा में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए जिले के कई दिग्गज जनप्रतिनिधि और नेता पहुंचे, जिनमें प्रमुख रूप से योगेश ताम्रकार (महापौर) गगनेन्द्र प्रताप सिंह (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष) राजेश चतुर्वेदी 'पालन' (नगर निगम अध्यक्ष) विजय तिवारी (वरिष्ठ भाजपा नेता) शामिल थे। उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गणेश बारी ने हमेशा जमीन से जुड़कर राजनीति की। उनके जाने से चित्रकूट ने अपना एक सच्चा सेवक खो दिया है। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।सादगी के प्रतीक और जन-जन के प्रिय नेता गणेश बारी को भावभीनी श्रद्धांजलि। ईश्वर उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।*

# स्टार क्रिएटर्स के नाम रहा पेप्टेक इनफ्लूएंसर क्रिकेट फाइट का खिताब

## सोशल मीडिया के सितारों ने क्रिकेट की पिच पर दिखाया हुनर,चार टीमों के बीच हुए तीन रोमांचक मुकाबले

**छतरपुर।** शहर के खेल इतिहास में शनिवार का दिन मनोरंजन और खेल भावना के एक अनूठे संगम का गवाह बना। पेप्टेक ग्रुप द्वारा क्रिकेट मुकाबलों की एक दिवसीय श्रृंखला- पेप्टेक इन्फ्लूएंसर क्रिकेट फाइट का शानदार आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट की सबसे खास बात यह थी कि मैदान पर बल्ला थामने वाले खिलाड़ी पेशेवर क्रिकेटर नहीं, बल्कि सोशल मीडिया की दुनिया के नामी इन्फ्लूएंसर्स थे। इस अनोखे आयोजन में छतरपुर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने भी पुलिस महकमे के साथ शिरकत कर आयोजन की सराहना की। पेप्टेक ग्रुप के डायरेक्टर विनय चौरसिया के कुशल निर्देशन में आयोजित इस टूर्नामेंट में चार टीमें- स्टार क्रिएटर्स, कॉन्टेंट किंग्स, रील राइडर्स और वायरल वॉरियर्स ने हिस्सा लिया। विकास तिवारी के विशेष सहयोग से तैयार इन टीमों में लैंगिक समानता का भी ध्यान रखा गया, जहाँ प्रत्येक टीम में 9 लड़कों के साथ 3 लड़कियों को शामिल किया गया। खेल को और अधिक रोचक बनाने के लिए सर्वसम्मति से क्रिकेट के निर्धारित नियमों में कुछ ट्विस्ट भी जोड़े गए थे, जिससे मुकाबले और अधिक रोचक बने। आयोजन समिति की ओर से डायरेक्टर विनय चौरसिया, शुभंकर चौरसिया, श्रीमती गीतिका चौरसिया, निवेदिता चौरसिया, शिवेंद्र शुक्ला सहित पेप्टेक ग्रुप की टीम और सैकड़ों खेलप्रेमी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।


#### संघर्ष और रोमांच भरे मुकाबले से हुआ आगाज

श्रृंखला का आगाज स्टार क्रिएटर्स और कॉन्टेंट किंग्स के बीच बेहद ऊर्जावान मुकाबले के साथ हुआ। स्टार क्रिएटर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का साहसिक निर्णय लिया। कप्तान विकास ने मोर्चे से टीम का नेतृत्व किया और 40 रनों की एक शानदार कप्तानी पारी खेलकर बड़े स्कोर की नींव रखी। उनका बखूबी साथ देते हुए साहिल ने 26 और अमन ने 25 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसकी बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 113 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में, लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉन्टेंट किंग्स की टीम ने भी अंत तक जज्बा दिखाया। टीम की ओर से अभिजीत ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए अकेले संघर्ष जारी रखा और दहाई का आंकड़ा पार करने वाले अपनी टीम के प्रमुख बल्लेबाज रहे। कप्तान शिवम मिश्रा और उनकी टीम ने मैदान पर बेहतरीन खेल भावना का परिचय दिया, हालांकि स्टार क्रिएटर्स की सटीक गेंदबाजी के सामने टीम 82 रन ही बना सकी और स्टार क्रिएटर्स ने इस शुरुआती मुकाबले में जीत दर्ज की।

#### रील राइडर्स ने की आतिशी बल्लेबाजी

दूसरा मैच वायरल वॉरियर्स और रील राइडर्स के मध्य खेला गया। वायरल वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रील राइडर्स की ओर से आशीष ने मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलते हुए 70 रनों की धमाकेदार पारी खेली, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। सचिन के 20 और ब्लेजर के 16 रनों के उपयोगी सहयोग से रील राइडर्स ने श्रृंखला का सर्वाधिक 131 रनों का विशाल स्कोर बनाया। लक्ष्य बड़ा था, लेकिन वायरल वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और पूरे उत्साह के साथ मैदान पर संघर्ष किया। हालांकि, रील राइडर्स के गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के चलते वायरल वॉरियर्स 44 रनों तक ही पहुँच सकी, लेकिन उनके जुझारू प्रयास ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं।

#### फिनाले में अंतिम ओवर तक खिंची सांसें



टूर्नामेंट का सबसे रोमांचक क्षण स्टार क्रिएटर्स और रील राइडर्स के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला रहा। समय की पाबंदी और रोमांच को बढ़ाने के लिए यह मैच 8 ओवरों का रखा गया। रील राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। स्टार क्रिएटर्स की ओर से अमन ने 24 और कप्तान विकास ने 15 रनों की सधी हुई पारियां खेलीं, जिससे टीम ने 62 रनों का सम्मानजनक स्कोर बनाया। 63 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रील राइडर्स की टीम ने गजब का साहस दिखाया। दिग्गज बल्लेबाज आशीष ने एक बार फिर मोर्चा संभालते हुए 30 रनों की शानदार पारी खेलकर मैच को अंतिम ओवर तक खींच लिया। मुकाबला इतना करीबी था कि अंतिम तीन गेंदों तक दर्शकों की सांसें थमी रहीं। रील राइडर्स के अन्य खिलाड़ियों ने भी भरपूर सहयोग देने की कोशिश की, लेकिन स्टार क्रिएटर्स की कसी हुई फील्डिंग और सटीक रणनीति के चलते रील राइडर्स 42 रन ही बना सकी। भले ही रील राइडर्स यह मैच नहीं जीत पाई, लेकिन उनके संघर्ष ने इस फाइनल को यादगार बना दिया।

पेप्टेक ग्रुप द्वारा आयोजित किए गए इस अनूठे कार्यक्रम में प्रशासनिक और सामाजिक क्षेत्र की दिग्गज हस्तियों ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन में मुख्य रूप से एसपी अगम जैन, एएसपी आदित्य पटले, आईपीएस लेखराज मीणा, सीएसपी अरुण कुमार सोनी, सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी, और ओरछा रोड थाना के एसआई दीपक यादव उपस्थित रहे। इनके साथ ही डॉ. मनोज चौधरी, व्यवसायी रणछोड़ चौरसिया, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी, दीपांशु यादव, योगेन्द्र रजौतिया, राजेश वर्मा, अंकित सक्सेना सहित अनेक गणमान्य नागरिक मैदान पर मौजूद रहे। दूसरे मुकाबले के उपरांत सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से सीधा संवाद किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

मैदान पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए समापन अवसर पर विशेष पुरस्कारों की घोषणा की गई। पूरे टूर्नामेंट में अपने बल्ले और गेंद से बेहतरीन खेल दिखाने वाले अमन को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। जबकि रील राइडर्स के आशीष को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए बेस्ट बैट्समैन के खिताब से नवाजा गया। इसके अलावा गेंदबाजी में धार दिखाने वाले धर्मेंद्र को बेस्ट बॉलर और चुस्त फील्डिंग के लिए महिला खिलाड़ी दिव्या को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार दिया गया।

#### अंशिका की सुरीली आवाज ने बांधा समां

कार्यक्रम का समापन छतरपुर की जानी-मानी सिंगर अंशिका रजौतिया की शानदार संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ। मंच संचालन अंकुर यादव ने किया, जबकि कमेंट्री का जिम्मा धीरज चौबे और अब्दुल जुनैद जैकी ने संभाली। स्कोरिंग नैतिक चौरसिया ने की और ग्राउंड की गतिविधियों को सुचारु रखने में सुनील चौरसिया व उनकी टीम ने अहम योगदान दिया। इस पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण अतुल राय, पंकज यादव, विनोद मिश्रा, संदीप यादव, प्रहलाद पटेल और शिवम सोनी की टीम द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप



### ग्राम बारी में ग्रामीणों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सहित अन्य लोग मौजूद**

**छतरपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात को छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बारी में बूथ क्रमांक 62 पर सुनने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री की 'मन की बात सुनी। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बॉबी राजा गठेवरा, महामंत्री माधव मिश्रा, परिवहन प्रकोष्ठ संयोजक अशोक गोस्वामी, बारी के पूर्व सरपंच अरविंद सिंह मिश्रा, मुहूर कुशवाह सहित बड़ी संख्या में किसान भाई और कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे। सभी ने एक साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और उनके विचारों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की सराहना की। कार्यक्रम में शामिल किसानों और कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री सीधे जनता से जुड़ते हैं, जिससे आम आदमी की समस्याओं और उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर जगह मिलती है।

### दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कैंपस ड्राइव सफलतापर्वक संपन्न



**छतरपुर।** दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रविवार को हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी प्रतिष्ठित मल्टीनेशनल फार्मा कंपनी मैक्लियोड्स फार्मास्यूटिकल्स प्रा. लि. का मेगा कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में चयन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में की गई। इसके पश्चात कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा सेमिनार आयोजित कर छात्रों को प्रोडक्शन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। सेमिनार के बाद लिखित परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। इस कैंपस ड्राइव में लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें अंतिम चरण में दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के 14 तथा महाराजा विश्वविद्यालय के 5 छात्रों का चयन किया गया। कुल 19 चयनित छात्रों को इंदौर एवं बद्दी में नियुक्ति हेतु ऑफर लेटर प्रदान किए गए। कंपनी की ओर से चयन प्रक्रिया में अमित कुमार सिंह, कमलेश कुमार एवं हिमांशु आचार्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर अजय लाल, एडवाइजरी चेयरमैन डॉ. अशोक निगम, डायरेक्टर डेवलपमेंट डॉ. प्रशांत गुप्ता, अकादमिक हेड डॉ. पवन बाजपेयी, प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव, प्लेसमेंट प्रभारी श्रीमती कीर्ति सोनी एवं श्रीमती लता शिवहरे, मीडिया प्रमुख शशांक चौरसिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। दक्ष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कुर्सी पर बैठने को लेकर विवाद, मारपीट का वीडियो वायरल, चार आरोपी हिरासत में

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में कुर्सी पर बैठने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया।

बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम के पास रात के समय यह घटना हुई। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हाथापाई में बदल गया। मारपीट में अभिषेक यादव नामक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लिया और चार आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रात में स्टेडियम के पास कुछ युवक कुर्सी पर बैठने को लेकर आपस में बहस करने लगे, जो बाद में मारपीट में बदल गई। वीडियो में कई युवक एक-दूसरे पर हमला करते दिख रहे हैं।

पुलिस ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और यदि कोई अन्य व्यक्ति इसमें शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पुराने विवाद में खेत पर रोका और किया हमला**

## राजीनामा का दबाव बनाने युवक को मारी गोली



**छतरपुर।** पुराने विवाद को लेकर राजीनामा का दबाव बनाने के लिए एक युवक को गोली मार दी गई। यह घटना गौरिहार थाना क्षेत्र के गहवरा गांव में बीती रात करीब दो बजे हुई। जानकारी के अनुसार, 24 वर्षीय नितिन प्यासी अपने भाई चंद्रहास प्यासी के साथ खेत पर लगे बोर का पानी देखने गया था। वापस लौटते समय गांव के ही नीरज मिश्रा, धीरज मिश्रा, बद्री और रामसुहावन ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने नितिन पर राजीनामा करने का दबाव बनाया और फिर अवैध हथियार से उसके पैर में गोली मार दी। बताया जा रहा है कि यह हमला करीब 20 साल पुराने विवाद से जुड़ा है। उस समय नितिन के पिता श्रीराम प्यासी के साथ मारपीट हुई थी, जिसमें आरोपियों पर धारा 307 का मामला दर्ज हुआ था और वे जेल भी जा चुके हैं। यह मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है। इसी पुराने विवाद में राजीनामा कराने के लिए आरोपियों ने नितिन का पीछा किया और खेत में रोककर हमला कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल नितिन को तुरंत गौरिहार उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल युवक के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जांच जारी है।

## ब्रेकर से उछलकर गिरी महिला, सिर में चोट



**छतरपुर।** ब्रेकर से उछलकर बाइक से गिरने के कारण एक महिला के सिर में गंभीर चोट आ गई। यह हादसा रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे फोरलेन स्थित बुंदेला ढाबा के पास हुआ। घायल महिला की पहचान अफसाना बेगम (38 वर्ष) पत्नी इशाक मोहम्मद के रूप में हुई है। वे झांसी जिले के भटपुरा गांव निवासी हैं। अफसाना बेगम अपने परिजनों के साथ बिजावर से गमी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक फोरलेन के ब्रेकर से गुजरी, महिला असंतुलित हो गई और बाइक से गिर पड़ीं। गिरते समय उनके सिर में चोट लग गई।घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों ने 112 इमरजेंसी सेवा को सूचना दी। आरक्षक राजेन्द्र सिंह और पायलट सुरेंद्र कुमार जोशी मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल महिला का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फील्ड़ ट्रेनरों का तीन दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण 31 मार्च, 1 एवं 2 अप्रैल को

**छतरपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने प्रत्येक चार्ज ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के फील्ड़ ट्रेनरों का प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। जिसमें प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न होने के पश्चात द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 30 मार्च, 01 एवं 02 अप्रैल 2026 को निर्धारित किया गया था।

जिसको महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को अवकाश घोषित कर प्रशिक्षण की तिथि में संशोधन किया है। अब फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 31 मार्च 2026, 1 अप्रैल एवं 02 अप्रैल 2026 को ई-दक्ष केन्द्र छतरपुर में सुबह 9:30 से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर व्योम कुमार जार्ज एवं रघुवंश गुरूदेव द्वारा दिया जाएगा। जिसमें समस्त फील्ड ट्रेनर्स निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करेंगे।

## मामूली विवाद को लेकर हिंसक हमला, कुल्हाड़ी से किसान के बेटे की निर्मम हत्या, दादी समेत दो अन्य घायल

**छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक मामूली विवाद ने घातक रूप ले लिया। गढ़ी मलहरा थाना क्षेत्र के कलानी गांव में बीती रात करीब 11:30 बजे 19 वर्षीय युवक कमलेश कुशवाहा की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। हमले में उसकी 60 वर्षीय दादी नन्नी बाई कुशवाहा और 58 वर्षीय जलील खान भी गंभीर रूप से घायल हो गए।**



पुलिस के अनुसार, कमलेश कुशवाहा अपनी दादी के साथ खेत पर मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही नंदराम विश्वकर्मा, हर्ष विश्वकर्मा और संदीप रैकवार अपने साथियों के साथ वहां पहुंचे। सुबह हुए एक छोटे विवाद को लेकर वे गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने खेत में बनी झोपड़ी में आग लगा दी और पथराव शुरू कर दिया। कुछ देर बाद आरोपी लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वापस लौटे और कमलेश पर जानलेवा हमला कर दिया। कुल्हाड़ी का वार कमलेश के सिर पर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हमले में उसकी दादी नन्नी बाई और खेत पर काम कर रहे जलील खान भी बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल जलील खान ने 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मृतक कमलेश का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में रखवाया गया है।

पुलिस ने मामले में हत्या समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## दो बाइकों की भिड़ंत में एक गंभीर, ग्वालियर रेफर

छतरपुर।

जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



घायल व्यक्ति की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।घटना रविवार 27 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे गोर गांव के पास हुई। गोर गांव निवासी बिहारी लाल अहिरवार (32 वर्ष) मोटरसाइकिल से अपने गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बिहारी लाल को गंभीर चोटें आईं।

घायल के पुत्र भरत अहिरवार ने बताया कि घटना सुबह करीब 11 बजे की है। हादसे के तुरंत बाद परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार और लापरवाही को मुख्य वजह माना जा रहा है।

## चलती बाइक से गिरने पर महिला की मौत

**मायके जाते समय हादसा, अस्पताल में तोड़ा दम**



**छतरपुर।** चलती मोटरसाइकिल से गिरने पर एक महिला की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे देवपुर-लवकुश नगर क्षेत्र में हुआ। मृतिका की पहचान मीना अहिरवार (40 वर्ष) के रूप में हुई है, जो देवपुर थाना लवकुश नगर की निवासी थीं। मीना अपने पति राजेश अहिरवार और भतीजे अरविंद अहिरवार के साथ मोटरसाइकिल से मायके पंचमपुर जा रही थीं। मडवा के पास तलैया के समीप अचानक संतुलन बिगड़ने से मीना चलती बाइक से गिर गईं। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें लवकुश नगर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में दोपहर करीब 2 बजे डॉक्टरों ने मीना को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर आवश्यक जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना का कारण पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को सामान्य अवकाश घोषित

**कलेक्टर ने आदेश जारी कर छतरपुर जिले में अवकाश घोषित किया**

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिले में 30 मार्च को सामान्य अवकाश घोषित किया है।शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अनुपालन में तथा जनभावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, जिला छतरपुर हेतु कैलेण्डर वर्ष 2026 में घोषित अवकाशों की सूची में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर अब संपूर्ण छतरपुर जिले में 30 मार्च 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को सभी शासकीय कार्यालय तथा संस्थाएं खुले रहेंगे एवं सामान्य कार्यालयीन कार्य संपादित होंगे।

## चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक स्कूटी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**दो इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी के साथ एक साइकिल हुई राख**

छतरपुर।

जिले के ईशानगर क्षेत्र में इंदौर जैसे एक खौफनाक अग्निकांड की पुनरावृत्ति होते-होते बची, जिसने ई-स्कूटी की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। भेलसी गांव के स्कूल मोहल्ला में शनिवार की आधी रात को एक घर के भीतर चार्जिंग पर लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में हुए जोरदार धमाके ने न केवल पूरे परिवार की नींद उड़ा दी, बल्कि देखते ही देखते दो ई-स्कूटी और एक साइकिल को राख के ढेर में तब्दील कर दिया। इस पूरी घटना का सार उस तकनीकी चूक और बैटरी फटने के खतरों में छिपा है, जिसके कारण एक हँसता-खेलता परिवार चंद मिनटों में भारी आर्थिक नुकसान की चपेट में आ गया।

जानकारी के अनुसार, भेलसी निवासी रामगोपाल प्रजापति (40) ने शनिवार रात अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग पर लगाया था। रात करीब 12 बजे जब पूरा परिवार गहरी नींद में था, तभी एक भीषण धमाके के साथ स्कूटी में आग लग गई। धमाके की आवाज सुनकर जब रामगोपाल और उनकी पत्नी बाहर निकले, तो नीचे का हिस्सा धुएं और आग की लपटों से घिरा हुआ था। सीढ़ियों पर आग का कब्जा होने के कारण परिवार के सदस्य ऊपर ही फंस गए, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में सुरक्षा मानकों को लेकर दिए गए निर्देशों के बीच, जिले में हुई यह घटना बिजली के उपकरणों के रखरखाव के प्रति बड़ी चेतावनी है।



### बैटरी फटने का खौफ और मोहल्लेवासियों की सूझबूझ

रामगोपाल ने बताया कि आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाना नामुमकिन लग रहा था। आग की लपटें बगल में रखी दूसरी इलेक्ट्रिक स्कूटी और एक साइकिल तक भी पहुँच गईं, जिससे वे भी जलकर खाक हो गईं। परिवार के लोग आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बीच-बीच में बैटरी फटने के धमाके उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर रहे थे। जान बचाने के लिए रामगोपाल ने छत से शोर मचाकर मोहल्लेवासियों को मदद के लिए पुकारा। शोर सुनकर जमा हुए ग्रामीणों की सक्रियता और कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दोनों कीमती ई-स्कूटी और साइकिल पूरी तरह नष्ट हो चुकी थीं।

मौके पर पहुँची पुलिस का प्राथमिक तौर पर मानना है कि चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से बैटरी में ब्लास्ट हुआ, जिससे यह भीषण आग लगी। ईशानगर पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है कि क्या स्कूटी की बैटरी में कोई तकनीकी खराबी थी या चार्जिंग के दौरान कोई लापरवाही बरती गई। यह हादसा ई-स्कूटी उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ा सबक है कि बंद घरों या सीढ़ियों के पास वाहनों को चार्ज करना कितना जानलेवा साबित हो सकता है। फिलहाल, भेलसी का यह परिवार इस हादसे के सदमे से उबरने की कोशिश कर रहा है, जहाँ उनकी मेहनत की कमाई चंद मिनटों में धुएं में मिल गई।

## दर्दनाक हादसा: हाईटेंशन लाइन से टकराया हार्वेस्टर जिंदा जला चालक, 1 एकड़ की फसल भी खाक



**छतरपुर।** जिले के पड़रिया चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नेगुंवा गांव में रविवार की दोपहर एक ऐसी हृदयविदारक घटना की गवाह बनी, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। सुनहरी गेहूं की फसल काटने पहुंचे एक हार्वेस्टर के साथ जो हुआ, उसका सार उस जानलेवा लापरवाही में छिपा है जहाँ आसमान से गुजर रही बिजली की लाइनें मौत का जाल बनकर लटक रही थीं। एक पल की चूक और हाईटेंशन लाइन के स्पर्श ने न केवल लाखों की मशीन को लोहे के कंकाल में तब्दील कर दिया, बल्कि एक मेहनतकश चालक को संभलने का मौका दिए बिना जिंदा जलने पर मजबूर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब हार्वेस्टर चालक खेत में गेहूं की कटाई कर रहा था। अचानक मशीन का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रही 11,000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। टकराते ही पूरी मशीन में तीव्र करंट दौड़ गया और देखते ही देखते चिंगारियों ने विकराल आग का रूप ले लिया। आग इतनी भीषण और अचानक थी कि केबिन में बैठे चालक को बाहर निकलने का रास्ता तक नहीं मिला। धुएं और लपटों के बीच घिरा चालक बेबस होकर मशीन के भीतर ही जिंदा जल गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस भीषण अग्निकांड में करीब 32 लाख रुपये की कीमत का हार्वेस्टर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने पास खड़ी लगभग एक एकड़ गेहूं की तैयार फसल को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे किसान की साल भर की मेहनत चंद मिनटों में राख के ढेर में बदल गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन हाईटेंशन लाइन की मौजूदगी और आग की तीव्रता के कारण वे बेबस नजर आए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रशासनिक सजगता के दौर में, इस हादसे ने बिजली विभाग के सुरक्षा मानकों पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। हादसे के बाद मौके पर जमा हुए ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में हाईटेंशन लाइनें काफी नीचे लटक रही हैं, जिसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने इस मौत के लिए सीधे तौर पर विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज में अव्वल छात्रों का हुआ सम्मान

छतरपुर।

**छतरपुर। जिले का आईसीएसइसी एंड सीआईएससीई शिक्षा का एक मात्र क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज छतरपुर में आज परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए।**



क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज की मैनेजर अर्पना मैसी ने बच्चो व अभिभावको को समारोह में संबोधित करते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम केवल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन ही नही इसमें अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के समर्पण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने और विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। क्रिश्चियन इंग्लिश कॉलेज के प्राचार्य संजय किचनर ने कहा कि इस वर्ष का अच्छा परीक्षा परिणाम हमारे लिए उपलब्धि का विषय है और विद्यार्थयों व शिक्षको के मागदर्शन का प्रतिकल है। उन्होंने अव्वल आये सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं से कहा कि आप अपनी जिज्ञासा को जीवित रखे और निरंतर सीखने का प्रयास करे। जीवन में अनुशासन और एकाग्रता ही आपको सफलता के शिखर तक ले जायेगे।

संस्था के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने बच्चो को सफलता का आर्शीवाद दिया। संस्था की मैनेजर अर्पना मैसी ने कहा कि बच्चे प्रस्तकें व ड्रेस अपनी सुविधानुसार ले संस्था को कोई लेना-देना नही। विद्यालय के शिक्षको द्वारा बच्चो का शानदार परीक्षा परिणाम देखकर उत्साह का माहौल रहा। कक्षा में टॉपर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षको को धन्यवाद दिया।

## पत्नी और बेटियों को दूसरे कमरे में बंद कर फांसी पर झूल गया पिता, मचा कोहराम

**छतरपुर।** बड़ामलहरा कस्बे में रविवार की सुबह खुशियों और उम्मीदों की जगह एक ऐसी चीख ने ले ली, जिसने पूरे इलाके के कलेजे को छलनी कर दिया है। वार्ड नंबर 1 में घटित इस रूह कंपा देने वाली वारदात का सार उस बंद कमरे की खामोशी में छिपा है, जहाँ एक पिता ने अपनी ममता को बेड़ियों में जकड़कर मौत का रास्ता चुन लिया। अपनों को ही कैद कर खुद को खत्म कर लेने के इस आत्मघाती कदम ने न केवल एक परिवार को उजाड़ दिया है, बल्कि समाज के सामने यह बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी थी जिसने एक रक्षक को ही भक्षक के समान कठोर बना दिया।

बड़ामलहरा के वार्ड नंबर 1 में रविवार की सुबह उस वक्त सन्नाटा पसर गया, जब यह जानकारी सामने आई कि एक युवक ने अपनी पत्नी और तीन छोटी बेटियों को कमरे के भीतर बंद कर दिया है। पिता ने बाहर से ताला लगाकर अपने ही परिवार को कैद किया और खुद दूसरे कमरे में जाकर फांसी के फंदे पर झूल गया। मासूम बेटियां और पत्नी अंदर से मदद के लिए चिल्लाती रहीं, लेकिन जब तक बाहर से दरवाजा खुलता और लोग मदद के लिए पहुंचते, तब तक युवक मौत को गले लगा चुका था।

सूचना मिलते ही बड़ामलहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का ताला तोड़कर बिलखती पत्नी और बेटियों को बाहर निकाला। पुलिस इस नृशंस घटना की हर कोण से बारीकी से जांच कर रही है कि आखिर एक पिता इतना पत्थरदिल कैसे हो गया कि उसने सुसाइड से पहले अपने ही परिवार को बंधक बना लिया। क्या यह कदम किसी भारी कर्ज के कारण उठाया गया, या इसके पीछे कोई गहरा पारिवारिक विवाद था, इसकी गुत्थी सुलझाने के लिए पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ की जा रही है। मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या इस खौफनाक कदम की पटकथा पहले से लिखी गई थी।



इस घटना के बाद पूरे वार्ड में मातम का माहौल है और लोग उस पिता की इस हरकत पर हैरान हैं। तीन मासूम बेटियां, जिन्हें दुनिया की समझ भी नहीं थी, आज अपने ही पिता के इस फैसले के कारण अनाथ हो गई हैं। चश्मदीदों के अनुसार, जब पुलिस ने दरवाजा खोला तो अंदर का दृश्य इतना हृदयविदारक था कि वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। बड़ामलहरा की यह घटना एक बार फिर याद दिलाती है कि पारिवारिक कलह या मानसिक तनाव किस तरह से हंसते-खेलते घरों को श्मशान में तब्दील कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जिले में महावीर जयंती पर 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रीवा।** महावीर जयंती पर 31 मार्च, मंगलवार को अवकाश घोषित किया गया था। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के अनुपालन और स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में घोषित अवकाश में संशोधन के आदेश जारी किये हैं। जारी आदेश के अनुसार अब महावीर जयंती पर संपूर्ण रीवा जिले में 30 मार्च, सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आगामी 31 मार्च को सभी कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्व की भांति खुलेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### गैराज में भीषण आग, दो चार पहिया वाहन जल कर खाक

**रीवा।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसघाट मोहल्ले में रविवार देर रात एक गैराज में अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि वहां मरम्मत के लिए खड़े दो चारपहिया वाहन उसकी चपेट में गए,प्राप्त जानकारी के अनुसार, गैराज संचालक शनिवार को रात करीब 8 बजे गैराज बंद कर अपने घर चले गए थे। इसके बाद देर रात अचानक गैराज से धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और भीतर खड़े वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।आग की तेज लपटों को देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने कंट्रोल रूम के माध्यम से दमकल विभाग को अवगत कराया। मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया जा रहा है कि आग में जले दोनों वाहन ग्राहकों के थे, जो मरम्मत के लिए गैराज में खड़े किए गए थे। घटना के बाद पीड़ित गैराज संचालक ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आगजनी की घटना जानबूझकर अंजाम दी गई हो सकती है। उनका कहना है कि गैराज बंद करने के कुछ समय बाद ही आग लगना संदेह पैदा करता है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि गैराज में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना से क्षेत्र में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, वहीं समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास की अन्य दुकानों और मकानों को बड़े नुकसान से बचा लिया गया।

### कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत दिए प्रतिबंध के आदेश

#### नरवाई में आग लगाने वालों पर लगेगा 15 हजार रूपये तक का जुर्माना

**मऊगंज।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय कुमार जैन ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण मऊगंज जिले में तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। वर्तमान परिस्थितियों में आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं है इसलिए भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी जा रही है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं।

# प्रेम प्रसंग के शक में युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, घर के भीतर रस्सियों से बांधकर घंटों तक मारपीट

## पुलिस ने शटर तोड़कर कराया मुक्त,अस्पताल में भर्ती



**रीवा।** जिले में शनिवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रेम प्रसंग के शक में एक युवक को घर के अंदर बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत नौबस्ता चौकी के सकरवट गांव की बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक को एक महिला द्वारा घर बुलाया गया था। इसी दौरान घर के अन्य सदस्यों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे घर के अंदर ही बंद कर दिया। आरोप है कि युवक के हाथ-पैर रस्सियों से बांध दिए गए और कई घंटों तक लाठी-डंडों से उसकी पिटाई की जाती रही।घटना के दौरान युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। सूचना मिलते ही युवक के परिजन भी वहां पहुंच गए। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची।शटर तोड़कर अंदर पहुंची पुलिसमौके पर पहुंची पुलिस ने घर में मौजूद लोगों से दरवाजा खोलने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। खून से लथपथ मिला युवक, हालत स्थिरअंदर का दृश्य देखकर पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा था और उसके हाथ-पैर रस्सियों से बंधे हुए थे। पुलिस ने तुरंत उसे मुक्त कर इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल युवक की हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। फिलहाल दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## दामाद ने सास-ससुर के साथ की मारपीट, दोनों घायल, दूसरी पत्नी के साथ ससुराल में ही कब्जा जमाए हुए था युवक

**रीवा।** जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र से एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दामाद ने परिवारिक विवाद में सास-ससुर से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेटी के मौत के बाद भी दूसरा विवाह कर दामाद ससुराल में कब्जा जमाए हुआ था। बताया जा रहा है कि छोटेलाल साकेत की बेटी की शादी करीब 2 साल पहले सुनील साकेत से हुई थी, जिसकी एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद दामाद सुनील साकेत ने किरण साकेत के साथ दूसरी शादी कर ली। शादी के बाद से ही दामाद अपनी नई पत्नी के साथ सास-ससुर के घर में रह रहा था। पीड़ित छोटेलाल साकेत ने आरोप लगाया है कि दमाद और उसकी पत्नी आए दिन उनके साथ विवाद और मारपीट करते थे। आरोप है कि बीते दिन विवाद इतना बढ़ गया कि दामाद ने लाठी-डंडों और पत्थरों से सास-ससुर पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में छोटेलाल साकेत और उनकी पत्नी विमला साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस जांच जारी है।

## हिनौती गौधाम में निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन आज

**रीवा।**

जनपद पंचायत गंगेव के हिनौती गौधाम में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन 30 मार्च को दोपहर 3 बजे किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल हिनौती गौधाम में प्रशासनिक भवन, जनभागीदारी से निर्मित टंकी एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल प्राकृतिक खेती के संबंध में आयोजित सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

# गुढ़-गेरूई क्षेत्र में दो स्थानों पर लगी आग, फायर वाहन देरी से पहुंचा; 5 एकड़ गेहूं की फसल जलकर हुई राख

## बरहदी में आग बुझाने में व्यस्त रही टीम, नगर निगम की फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर पाया काबू



**रीवा।** जिले के गुढ़ क्षेत्र में रविवार दोपहर आगजनी की दोहरी घटनाओं ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं की चुनौतियों को उजागर कर दिया। एक ओर बरहदी गांव में आग बुझाने में फायर ब्रिगेड की टीम व्यस्त थी, वहीं दूसरी ओर गुढ़ नगर परिषद क्षेत्र से लगे गेरूई राइस मिल के समीप किसान के खेत में भीषण आग लग गई। समय पर फायर वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण किसान की लगभग 5 एकड़ खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुढ़ नगर परिषद से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित गेरूई क्षेत्र में किसान भूपत उपाध्याय के खेत में अचानक आग भड़क उठी। तेज हवाओं के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और खेत में खड़ी गेहूं की पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तत्काल गुढ़ पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को दी गई, जिस पर गुढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम उस समय पहले से बरहदी गांव में लगी आग बुझाने में जुटी हुई थी। इसी बीच दूसरी घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद गुढ़ से एक छोटा फायर वाहन गेरूई के लिए रवाना किया गया, लेकिन घटना स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग के अत्यधिक उबड़-खाबड़ और दुर्गम होने के कारण वाहन मौके तक नहीं पहुंच सका। परिणामस्वरूप आग पर तत्काल नियंत्रण नहीं पाया जा सका और फसल जलती रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने तत्काल रीवा नगर निगम को सूचना दी। सूचना मिलते ही रीवा नगर निगम से बड़ा फायर ब्रिगेड वाहन मौके के लिए रवाना किया गया। टीम के पहुंचने के बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसान की पूरी फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। इस घटना से किसान भूपत उपाध्याय को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

# प्राकृतिक खेती करने के लिए किसानों को जागरूक करते हुए दिया गया प्रशिक्षण



**रीवा।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जनपद पंचायत गंगेव के ग्राम पंचायत खरहरी में एक दिवसीय कृषक जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में गंगेव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों जैसे माला, खरहरी, जोड़ोंरी, बहिवार और बड़ोखर के बड़ी संख्या में किसान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एल. वर्मा ने किसान राजेंद्र शुक्ला एवं विजयशंकर शुक्ला सहित अन्य उपस्थित किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण सामग्री का वितरण किया। उन्होंने बताया कि चयनित क्लस्टर खरहरी, बेलवा बड़गैयान, बेलवा कुर्मियान का मुख्य लक्ष्य रसायन मुक्त खेती को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता को पुनर्जीवित करना और किसानों की आय बढ़ाना है। आत्मा परियोजना के तकनीकी प्रबंधक दीपक कुमार श्रीवास्तव एवं दीपिका तिवारी ने प्राकृतिक खेती के बारे में किसानों को बताया कि प्राकृतिक खेती एक ऐसी पद्धति है जहाँ रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का शून्य उपयोग होता है। इसके बजाय स्थानीय संसाधनों जैसे जीवामृत, घनजीवामृत, आच्छादन (मल्चिंग) और फसल विविधता का उपयोग किया जाता है, जिससे सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ती है। गंगेव फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं जैव-आदान संसाधन केंद्र धवईया के निदेशक रामशरण तिवारी ने बताया कि प्राकृतिक खेती से किसानों की बाजार पर निर्भरता खत्म होती है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत खरहरी में संचालित गौ-शाला और बी.आर.सी. के बीच समन्वय स्थापित करने पर चर्चा हुई, ताकि गोबर और गौ-मूत्र जैसे प्राकृतिक आदानों की उपलब्धता सुलभ हो सके। वैज्ञानिकों और आत्मा परियोजना के दल ने क्षेत्र का भ्रमण कर चल रहे प्रदर्शनों का जायजा लिया। कृषकों को सुझाव दिया गया कि वे पी.जी.एस. के तहत अपने उत्पादों का प्रमाणीकरण कराएं, ताकि स्थानीय हाट बाजारों में उन्हें उपज का उचित मूल्य मिल सके। इस अवसर पर प्रदुम्न शुक्ला, सीताराम कुशवाहा, राजेश पटेल (माला), राजेश कुशवाहा, सुग्रीव साकेत सहित क्षेत्र के अनेक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक - डिप्टी सीएम

## उप मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का किया लोकार्पण





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास के साथ शिक्षा में गुणात्मक विकास आवश्यक है। रीवा में शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार को बेहतर बनाने के सभी प्रयास जारी हैं। हमारा प्रयास है कि गुणात्मक शिक्षा व बेहतर इलाज की सभी व्यवस्थायें रहें ताकि यहां के लोगों को उच्चे शिक्षा व इलाज के लिये बाहर न जाना पड़े। उप मुख्यमंत्री ने लगभग 3 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा भवन का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने संभाग को आदर्श संभाग बनायें। महाविद्यालय के प्राचार्यों का दायित्व है कि वह अपने महाविद्यालय में नवीन पाठक्रम संचालन के लिये प्रयासरत रहें तथा प्राध्यापकों व विद्यार्थियों के साथ जीवंत संबंध बनायें रखें। उन्होंने कहा कि अच्छा प्रशासक वही है जो जमीनी फीडबैक लेकर कार्य करे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त है। जब कार्यालय अच्छा होता है तो कार्य करने की इच्छा भी बढ़ जाती है। इस कार्यालय भवन के द्वारा संभाग के सभी महाविद्यालयों के विकास व उच्च शिक्षा के गुणात्मक सुधार के सभी प्रयास तत्परता से होंगे। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. आर.पी. सिंह ने बताया कि लगभग 3 करोड़ रूपये से निर्मित भवन में सभी सुविधाएँ हैं। यहां से शासकीय, अशासकीय व अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों पर नियंत्रण होगा। इससे पहले उप मुख्यमंत्री ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर आयुक्त रीवा संभाग बीएस जामोद, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकर, राजगोपाल मिश्रचारी सहित महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारतेन्दु मिश्र ने किया।

# जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज की आवश्यक बैठक में जनहित मुद्दों पर हुई चर्चा



**मऊगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एन.एस.यू.आई., महिला कांग्रेस एवं सेवा दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में मुख्य रूप से देश एवं प्रदेश में एल.पी.जी., डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता, बिजली समस्या एवं बढ़ते भ्रष्टाचार जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह 'बन्ना' ने केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार वर्तमान में एल.पी.जी. संकट एवं पेट्रोलियम उत्पादों की उपलब्धता को लेकर गंभीर नहीं है। इसके कारण आम जनता को एक बार फिर कोरोना काल और नोटबंदी की तरह लंबी कतारों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह स्थिति जनता का ध्यान अन्य मुद्दों से भटकाने का प्रयास है।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश एवं प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। हाल ही में खटखरी क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से बनी जल जीवन मिशन की टंकी गिरने की घटना इसका स्पष्ट उदाहरण है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिलाल कोल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गैस और तेल संकट के समय "आपदा में अवसर" ढूंढ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को पर्याप्त बिजली देने के बजाय बिजली दरों में 5 प्रतिशत वृद्धि कर दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही गैस-तेल संकट एवं बढ़ी हुई बिजली दरें वापस नहीं ली गईं, तो जिला कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।बैठक में प्रमुख रूप से जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शेख मुख्तार सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ मिश्रा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी, श्रीमती अरुणा तिवारी, जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी, हिनछलाल पटेल, दिनकर राल्ही, शिवलाल साकेत, उमाकांत, वारिस खान, सुरेन्द्र गुरुंग, मधुकर पाण्डेय, राजा दुबे, अमन जायसवाल, भरतलाल सोनी, विपिन त्रिपाठी, अजय सिंह, मालिक पाण्डेय, जेबलाल पटेल, राजेश गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह धरने को आज करेंगे संबोधित

**रीवा।** जिले के अल्ट्राटेक बेला सीमेंट प्लांट में निकाले गए 300 ठेका श्रमिक को काम पर वापस लेने की मांग को लेकर बिगत 2 मार्च से चल रहे कंपनी के गेट के सामने धरना का 28वा दिन है। मजदूरों द्वारा जारी धरना में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक )के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कामरेड हरिद्वार सिंह धरने को संबोधित करने 30 मार्च 2026 दिन सोमवार को दोपहर 2:00 बजे मजदूरों के बीच आयोजित सभा को संबोधित करेंगे । सभा में मुख्य रूप से एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरिद्वार सिंह, रीवा जिला पंचायत के सदस्य लालमणि त्रिपाठी,म. प्र.किसान नेता कामरेड गया प्रसाद मिश्रा, एटक यूनियन के उपमहासचिव कामरेड राम सरोज कुशवाहा, यूनियन के अध्यक्ष कामरेड अरुण तिवारी ,संबोधित करेंगे। सभा में क्षेत्रीय किसान ,नौजवान, मजदूर ,माता एवं बहाने कारखाना के सभी श्रमको से अनुरोध किया है की आमसभा में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

# शासकीय टीआरएस कॉलेज के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन






**रीवा।** ग्राम बरा पेपखार में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम शासकीय टीआरएस महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नागेश त्रिपाठी के संयोजन में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ महानंद द्विवेदी एवं अध्यक्षता डॉक्टर अच्युत पांडे विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामवासी सेवानिवृत्ति ASI यू पी उपाध्याय एवं युवा समाजसेवी रवि मिश्रा रहे कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ से हुआ शिवरात्रियों द्वारा NSS के लक्ष्य गीत का प्रस्तुतीकरण भी किया गया साथ ही महिला इकाई की छात्राओं द्वारा बघेली नृत्य एवं पुरुष इकाई के छात्रों स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया मुख्य अतिथि डॉ द्विवेदी ने व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व एवं समाज सेवा पर आधारित राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों एवं उसके महत्व को समझाते हुए छात्र-छात्राओं से इस योजना से जोड़ने का आवाहन किया अध्यक्ष डॉक्टर अच्युत पांडे ने भी छात्रों को बतलाया कि इस योजना के द्वारा हम समाज सेवा माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण कैसे करते हैं विशिष्ट तिथि ग्रामवासी श्री मिश्रा एवं श्री पांडे ने भी इस ग्राम में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर संचालन के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं की भूरि भूरि प्रशंसा की तथा प्राचार्य एवं कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ नागेश त्रिपाठी ने शिविर के दौरान किए गए कार्यों स्वच्छता, जल संवर्धन ,जल निकासी ,जन कल्याणकारी योजनाओं का सर्वे एवं स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित FACE संस्था द्वारा लगाए गए मेडिकल कैंप की विस्तृत जानकारी दी आभार प्रदर्शन डॉ गुलाब धर् द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन डॉ नागेश त्रिपाठी ने किया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ संजय शंकर मिश्रा, डॉश्रीनाथ पांडे, प्रो रविंद्र धुर्वे, डॉ रावेंद्रसिंह , डॉ गुलशेर अहमद, डॉ गुंजन सिंह, डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ सोनी सिंह बघेल, प्रोपूजा शुक्ला, गायत्री त्रिपाठी, किरण सिंह, श्री शेषमणि पांडे एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे शिविर संचालन में श्री देवेश पांडे का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# सोहागी घाटी में ब्रेक फेल, कंटेनर से कूदे दो युवक, एक की मौत, चालक की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

## रीवा से प्रयागराज जा रहा था कंटेनर, अनियंत्रित वाहन को पहाड़ी पर चढ़ाकर रोका गया




**रीवा।** जिले की सोहागी घाटी में ब्रेक फेल होने के बाद जान बचाने के प्रयास में चलते कंटेनर से कूदे एक युवक की मौत हो गई। वहीं चालक की सूझबूझ के चलते एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक कंटेनर रीवा से प्रयागराज की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन सोहागी घाटी के ऊपरी हिस्से में पहुंचा, अचानक उसके ब्रेक फेल हो गए। घाटी के ढलान पर अनियंत्रित हो चुके कंटेनर में सवार लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वाहन में चालक सहित तीन लोग सवार थे। ब्रेक फेल होने से घबराए दो लोगों ने चलते कंटेनर से कूदकर अपनी जान बचाने का प्रयास किया। इस दौरान कुलदीप नामक युवक को गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे व्यक्ति को मामूली चोटें आईं, जबकि चालक सुरक्षित रहा। घटना के दौरान चालक ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए अनियंत्रित कंटेनर को घाटी के नीचे जाने देने के बजाय पास की ऊंची पहाड़ी की ओर मोड़ दिया। वाहन को पहाड़ी पर चढ़ाकर उसने किसी तरह रोक दिया, जिससे संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया। मामले की जानकारी देते हुए सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि कंटेनर के ब्रेक फेल होने के कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बना रहा। चालक की सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते वाहन को नियंत्रित नहीं किया जाता, तो घाटी में बड़ा हादसा हो सकता था।